एक नजर में

## हरियाली अमावस्या पर पौधे लगाने का लिया संकल्प



**बाकानेर**–श्रावण माह में हरियाली अमावस्या का एक महत्व है सनातन धर्म में पौधा लगाना पुण्य का काम बताया गया है साथ ही पर्यावरण को बचाने में हरियाली अमावस्या का एक अलग महत्व है इस दिन लाखों की संख्या में लोग पौधे लगाते हैं आज चेतन कॉलोनी श्री रामेश्वर मंदिर में बाबा भोलेनाथ का श्रंगार भी हरे पत्ते एवं सब्जियों एवं फूलों से किया गया चेतना कॉलोनी महिला मंडल की सदस्यों द्वारा हरी साड़ी पहनकर पौधे लगाने का संकल्प लिया गया धरती हरी भरी हो फलदार एवं छायादार पेड़ो से भरी हो यही संकल्प लेकर पर्यावरण सुरक्षा में अपना योगदान दिया ।

## स्वस्थ जीवन की खुशहाली के लिए हरियाली जरुरी है, इसलिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं : गोपाल कौशल




**नागदा ( धार )** गुरुवार को हरियाली अमावस्या पर शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय नयापुरा माकनी में शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत बच्चों एवं शिक्षक गोपाल कौशल ने आम, गुलमोहर,नीम,जामुन सहित कई पौधे लगाए। शिक्षक कौशल ने पेड़ों की महिमा का बखान करते हुए कहा कि – *हमारे स्वस्थ जीवन की खुशहाली के लिए हरियाली बेहद जरूरी है और हरियाली पेड़ –पौधो के बिना संभव नही है । इसलिए हम पेड़ अवश्य लगाएं और पर्यावरण बचाएं ।*

## पैनासोनिक एनर्जी ने नया चेयरमैन व एमडी नियुक्त किया

**इंदौर .** पैनासोनिक एनर्जी इंडिया कंपनी लिमिटेड, जो पैनासोनिक होल्डिंग्स कॉरपोरेशन का हिस्सा है, ने आज अपने नेतृत्व में बदलाव की घोषणा की। अकीओ फुजिता को कंपनी का नया चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त किया गया है . यह नियुक्ति 1 जुलाई से प्रभाव में आ चुकी है . इससे पहले वे जापान स्थित पैनासोनिक एनर्जी कंपनी लिमिटेड की कंज़्यूमर एनर्जी बिज़नेस यूनिट में रणनीति की ज़िम्मेदारी संभाल रहे थे . अकीओ फुजिता, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, पैनासोनिक एनर्जी इंडिया, ने कहा भारत एक तेजी से उभरता हुआ और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है। मुझे इस मजबूत विरासत को आगे ले जाने का अवसर मिला है, यह मेरे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। मेरी प्राथमिकता होगी कि अपने पूर्ववर्ती द्वारा बनाई गई व्यवसाय और वितरण रणनीति को और अधिक सुदृढ़ करूं .

## सैमसंग स्किल डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन

**इंदौर .** सैमसंग सेमीकंडक्टर इंडिया रिसर्च ने कर्नाटक के कोलार गोल्ड फील्ड्स में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में अपना पहला सैमसंग स्किल डेवलपमेंट सेंटर शुरू किया . अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत, एसएसआईआर ने पांच आधुनिक प्रयोगशालाओं को बनवाने में मदद की है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग, साइबरसिक्योरिटी, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स और कोर इंजीनियरिंग जैसे विषयों में छात्रों को व्यावहारिक तरीके से सीखने का मौका देंगी . बालाजी सोवरीरजन, ईवीपी और एमडी, एसएसआईआर ने कहा यह पहल ग्रामीण कर्नाटक के छात्रों को व्यावहारिक अनुभव देने का एक बड़ा कदम है . एआई, ओईओटी और नई तकनीकों का ज्ञान देकर हम छात्रों को सशक्त बनाना चाहते हैं, ताकि उनके लिए ढेर सारे अवसर बनें और भारत वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में आगे बढ़े .

## कोटक ने लॉन्च किया सॉलिटेयर

**इंदौर .** कोटक महिंद्रा बैंक ने आज कोटक सॉलिटेयर के लॉन्च की घोषणा की, जो वास्तव में भारत के धनी लोगों के लिए खास तौर पर बनाई गई एक अनूठी बैंकिंग सेवा है . सॉलिटेयर एक खास बैंकिंग सेवा है, जो केवल निमंत्रण पर उपलब्ध है . यह उन लोगों और परिवारों के लिए है, जिनका कोटक बैंक के साथ गहरा और विविध वित्तीय रिश्ता है . यह सिर्फ आपके खाते में जमा राशि पर आधारित नहीं है, बल्कि यह आपके परिवार के जमा, निवेश, लोन, बीमा और डीमैट होल्डिंग्स को मिलाकर गणना किए गए कुल संबंध मूल्य ( टोटल रिलेशनशिप वैल्यू ) पर निर्भर करता है . रोहित भसीन, प्रेसिडेंट – हेड ऑफ एफ्लुएंट, एनआरआई, और बिजनेस बैंकिंग और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, कोटक महिंद्रा बैंक ने कहा भारत का समृद्ध वर्ग तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन उनका बैंकिंग अनुभव इस गति के साथ नहीं चल पाया है . सॉलिटेयर इस अंतर को कम करने का हमारा जवाब है . यह एक उत्पाद नहीं है – यह एक प्रस्ताव है .

## तिरूपति बालाजी वेंकटेश का किया श्रृंगार

**इंदौर .** श्रावण की अमावस्या को हरियाली अमावस्या के रूप में मनाया जाता है . इस अवसर पर तिरूपति बालाजी वेंकटेश देवस्थान पर भगवान बालाजी का भव्य श्रृंगार किया गया . भगवान को हरे कपड़े पहनाए गए एवं हरे वृक्षों की पत्तियों से मनोहारी श्रृंगार किया गया . बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस स्वरूप के दर्शन किए . देवस्थान ट्रस्ट के पुरूषोत्तम पसारी, लक्ष्मण पटवा एवं राम मूंदड़ा ने बताया कि सावन माह में वृंदावन के मंदिरों में झूलोत्सव की प्राचीन परम्परा रही है ।उसी परम्परा का निर्वाह करते हुए तिरूपति बालाजी देवस्थान पर रविवार 27 जुलाई से इक्कीस दिवसीय दिव्य झूलोत्सव प्रारम्भ होने जा रहा है जो 17 अगस्त तक जारी रहेंगे . प्रतिदिन सायं 6 बजे भगवान के विभिन्न अवतारों की झांकी सजाई जाएगी . प्रथम दिन तिरूपति बालाजी के साथ श्रीदेवी एवं भूदेवी का नयनाभिराम झूला सजाया जाएगा . आरती सायं 6 .30 बजे होगी उसके बाद दर्शन प्रारम्भ होंगे जो रात दस बजे तक जारी रहेंगे . इस अवसर पर गोष्ठी प्रसाद भी वितरण किया जाएगा .

## संदीप चौधरी की विरासत की झलक

**इंदौर.** एक ऐसी दुनिया में जहाँ उद्यमी केवल शोहरत और मुनाफे के पीछे दौड़ते हैं, संदीप चौधरी उन गिने–चुने लोगों में हैं जो अपनी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि जिन चीज़ों को उन्होंने त्यागा– उनसे पहचाने जाते हैं. बॉलीवुड से लेकर ब्लॉकचेन तक, मेटावर्स से लेकर मंत्रालयों तक, संदीप की ज़िंदगी दूरदृष्टि, साहस और एक अडिग उद्देश्य का प्रतीक है. वो सिर्फ एक बिज़नेसमैन नहीं हैं– वो एक वैश्विक शक्ति हैं. उन्होंने 2008 में ही गूगल युएसए से कमाई शुरू कर दी थी. वो उस मल्टीमिलियन डॉलर फिनटेक स्टार्टअप का हिस्सा रहे। वहीं दूसरी ओर, उन्होंने एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित हिंदी फ़िल्म 'ये है इंडिया' का निर्माण किया. उन्होंने दुनिया के नेताओं से मुलाकात की जापान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से, घाना और केन्या जैसे अफ्रीकी देशों के गणमान्य व्यक्तियों से और उन्हें प्रेरणा मिली सेना प्रमुख जनरल वी.के. सिंह से, जो उन्हें अपने परिवार जैसा मानते हैं. 2021 में, जब उनका करियर चरम पर था उन्होंने सब कुछ छोड़ दिया. क्योंकि उन्हें एक और गहरी पुकार सुनाई दी एक संकटग्रस्त धरती की पुकार. यहीं से जन्म हुआ सेव अर्थ मिशन का, जो आज दुनिया का सबसे बड़ा जलवायु परिवर्तन आंदोलन बन चुका है, जिसका उद्देश्य है 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाना.

# लोहारी में जन अभियान परिषद ने महिलाओं को बीज एवं पौधा वितरण किया

**कुक्षी। मप्र जन अभियान परिषद अंतर्गत नवांकुर संस्था सेक्टर लोहारी द्वारा स्वैच्छिकता के आधार पर पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्राम की महिलाओं का कार्यक्रम आयोजित किया गया । नवांकुर संस्था सेक्टर लोहारी के अध्यक्ष रमेश पिराग पाटीदार ने बताया कि लोहारी गांव में नवांकुर महिलाओं ने हनुमान मंदिर से पोरवाड़ मंदिर तक कलश यात्रा निकाली । हनुमान मंदिर में पवित्र जल कलश में भरकर पूजन किया गया । महिलाएं सिर पर जल कलश लेकर ढोल धमाके के साथ पोरवाड़ समाज लक्ष्मीनारायण मंदिर में स्थित शिवालय पहुंची । यहां पर महिलाओं ने भगवान शिवजी का जल चढ़ाकर अभिषेक व पूजन किया ।**



नर्मदा समग्र के शैलेष पंवार लोहारी ने संबोधित करते हुए बताया कि जल कलश यात्रा एवं बीज व पौधा वितरण कर महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना है । वर्तमान समय धरती माता को हरियाली चुनरी ओढ़ाने का है । इसलिए अपने घर , आंगन , खेत , खलीहान में खाली पड़ी भूमि पर क्षमता अनुसार बीज एवं पौधे लगाकर उनके संरक्षण करना है । हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को हरी ङ्क भरी धरती सौंपना है । पर्यावरण संरक्षण में भारत को विश्व गुरु बनाना है । अतिथियों ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बीज एवं 50 से अधिक पौधों का वितरण किया गया ।

इस अवसर पर उदय सिंह आईडिया ब्लाक समन्वयक जन अभियान परिषद निसरपुर , नर्मदा समग्र के शैलेष पंवार लोहारी , नवांकुर संस्था सेक्टर लोहारी के अध्यक्ष रमेश पिराग पाटीदार , दृश्यम संस्था पिपल्या प्रतिनिधि लोकेश पाटीदार , नवांकुर संस्था करोंदिया प्रतिनिधि योगेश मंडलोई , शंकर भायल अध्यक्ष सिर्वी समाज लोहारी , तहसील प्रतिनिधि मोहन चोयल , सिर्वी समाज के वरिष्ठ श्यामा कोटवाल , रमेश बर्फा , दीपा बर्फा , बाबुलाल मुकाती , रामेश्वर भायल , सुनिल पाटीदार , सचिन पाटीदार , राजेन्द्र गुप्ता , अनील गुप्ता , महेन्द्र कैलाश गुप्ता , सुरेश शर्मा , अक्षय आलीवाला , पंच केशर मुलेवा , झमु बाई पंवार , पार्वती मुकाती , कुसुम भायल , संगीता बर्फा , गीता गुप्ता , कस्तुरी गुप्ता , माया गुप्ता , भागवंती गुप्ता , राखी गुप्ता , झमुबाई काग , लाडकी बाई पाटीदार , सूरजबाई पाटीदार , राधिका पाटीदार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे ।इसके पूर्व हरियाली अमावस्या पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से संबंधित नवांकुर संस्था करौंदिया ग्राम विकास द्वारा नवांकुर सखी तथा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजन निसरपुर सेक्टर में किया गया था.

## धार नगर में गाय ,सांडों, श्वानों का आतंक, लापरवाह नगर पालिका निरंकुश : ठाकुर




**धार ।** धार नगर में दिन प्रतिदिन गाय माता की संख्या बढ़ती जा रही है कही भी झुंड के रूप में दस,बीस की संख्या में नगर में देखी जा सकती है जो की नगर के गौ पालक माताओं का उपयोग कर नगर में छोड़ देते है जिनके साथ साथ आवारा सांड घूमते रह कर आए दिन नगर की व्यस्तम मार्गो में झगड़ते पाए जाते है जो कही किसी के घर में घुसते है कही गाड़ियों का नुकसान करते है और कभी कभी तो इनकी चपेट में आकर जान माल का भी नुकसान हो रहा है। जिस पर नगर पालिका का लापरवाही स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

उक्त आरोप लगाते हुए पार्षद सारिका अजय सिंह ठाकुर ने कहा की इस विषय में मेरे द्वारा कई बार पूर्व में भी नगर पालिका में परिषद में आवाज उठाते हुए अधिकारी सहित पत्र और बैठकों में जिलाधीश महोदय ,अनुविभागीय अधिकारी को भी अवगत कराया गया।किंतु इस लापरवाह नगर पालिका के साथ साथ प्रशासक भी पूर्णत: निरंकुश हो चुका है।कई जगह गाय माता के झुंड,आवारा सांड, और श्वानो के झुंड नगर में नजर आते है। ऐसा लगता है नगर में जनता कम आवारा मवेशी ज्यादा हो गए है। ठाकुर ने आगे कहा की श्रावण के पवित्र माह से हिंदुओं के उत्सवों प्रारंभ हो रहे है।जो की शिव की सवारी के साथ कई धार्मिक झुलस भी निकलना है जिस पर इनकी लापरवाही से पशुओं की बढ़ती संख्या के कारण कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है ।साथ ही नगर में श्वानो की संख्या भी बहुत संख्या में बढ़ती जा रही है ।जिस हेतु नगर पालिका द्वारा नसबंदी अभियान भी चलाया जा रहा है,जो की ऊट के मुंह में जीरे के समान है।जिसमें जितने श्वानो की नसबंदी की जाएगी उससे कई ज्यादा तो संख्या पुन: बढ़ जाएगी जिसकी भी राशि बढ़ाई जानें की आवश्यकता है।

पार्षद ठाकुर ने उत्सवों को देखते हुए गाय माता ,आवारा सांडों, को पकड़ कर कार्यवाही करते हुए श्वानो की नसबंदी की राशि बढ़ाई भी बढ़ाई जाए,अन्यथा नगर पालिका के खिलाफ जनता को साथ ले जन जागृति कर समस्या के हल नहीं होने तक इस सोए हुए प्रशासन को जगाने हेतु क्रम बंध आंदोलन किया जाएगा।



## छात्रावास, आश्रमों, विशिष्ट आवासीय संस्थाओं का निरीक्षण

**धार.** आयुक्त राजस्व इंदौर संभाग इंदौर दीपक सिंह के निर्देश के अनुकम में जिले के समस्त छात्रावास / आश्रमों / विशिष्ट आवासीय संस्थाओं का निरीक्षण प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। आवासीय संस्थाओं के निरीक्षण के अनुकम में संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास इंदौर संभाग इंदौर द्वारा गुरुवार एवं शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गरडावद / कन्या शिक्षा परिसर / आदर्श आवासीय एवं समस्त छात्रावास/आश्रम का निरीक्षण किया गया है। साथ ही विकासखण्ड तिरला में संचालित कन्या शिक्षा परिसर का निरीक्षण भी संभागीय उपायुक्त द्वारा किया गया, निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों की पूर्ति हेतु छात्रावास अधीक्षकों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग धार भी उपस्थित रहे। जिला स्तर से गठित दलों द्वारा जिले के समस्त विकासखण्डों में संचालित छात्रावास/आश्रम / विशिष्ट संस्थाओं का निरीक्षण प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

## प्रशांत पाल ने चौकी प्रभारी का पद ग्रहण किया

**बाकानेर** –मनावर थाना के अंतर्गत बाकानेर चौकी प्रभारी के पद पर सब इंस्पेक्टर प्रशांत पाल ने पदभार ग्रहण किया चौकी प्रभारी अश्विन चौहान का स्थानांतरण उमरबन चौकी हो जाने के पश्चात सब इंस्पेक्टर प्रशांत पालने नए चौकी प्रभारी के रूप में अपना स्थान ग्रहण किया । चौकी प्रभारी प्रशांत पाल ने बताया कि क्षेत्र में शांति सद्भाव और अपराध पर पूर्ण तरह से अंकुश लगाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। ग्राम वासियों से निरंतर संवाद करेंगे और उनकी



समस्याओं को जानकर समस्याओं को हल करेंगे।

## देव श्री आनन्द सागरसुरीश्वरजी महाराजा की 151 वी जन्म जयंती

**नागदा।** आगमोधारक बहुश्रुत देवसुरी तपागछ समाचारी संरक्षक आचार्य देव श्री आनन्द सागरसुरीश्वरजी महाराजा की 151 वी जन्म जयंती अमावस्या के शुभ दिन श्री संघ जन द्वारा तप त्याग एवम समर्पण भावसे मनाई गई जन्म जयंती के अवसर पर प्रात: स्नात्र महोत्सव मानते हुए स्नात्र पूजनअष्ट प्रकारी पूजन करते हुए गुरुदेव की प्रतिमा पर वासछेप पूजन किया गया आयोजित गुणानुवाद सभा में समाज जनोंद्वारा बताया गया कि पूज्य सागर जी महाराज साहब की मालवांचल पर विशेष कृपा रहीआप ही की पावन



प्रेरणा एवं निश्रा में अनेक प्राचीन जैन तीर्थ की प्रतिष्ठा संपन्नहुई जिसमें जैन समाज के महानतम तीर्थ बीस तीर्थंकरों की निर्वाण भूमि सम्मेदशिखरजी मक्सी जी अंतरिक्ष जी केसरिया जीजैसे ब? तीर्थ जो कि जैन अनुयायियों के लिए आस्था के प्रमुख केंद्र है ऐसे तीर्थो की तीर्थ स्थापना कर शासनशोभा ब?ाई आप एक मात्र ऐसे मुनि भगवत हुए जिन्होंने श्लोक सहित 45 आगम कीरचना ताम्र पत्र में कर आगमो की सुरक्षा की एवम आगम मंदिर का निर्माण करवाया आपको अनेक पदवी से अलंकृत करते हुए सैलाना नरेश प्रति बोधक पद से अलंकृत किया गयाआपके द्वारा अनेक शास्त्र की रचना की गई गुणानुवाद सभा में पूज्य गुरु भगवंत केचित्र के सम्मुख अखिल भारतीय श्री जैन श्वेतांबरमालवा महा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष मेहता राष्ट्रीय पदाधिकारीराजेंद्र बोकाडिया संघ के सुरेश मुथा द्वारा दीप प्रज्वलित एवम माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई ।। इस अवसर पर पुखराज कटारिया प्रदीपनाहर पारस मोदी विनय नाहर पंकज मोदी ने अपने भाव रखे ब?ी संख्या में संघ जनों की उपस्थिति रही महिला मंडल द्वारा नवकार मंत्र के जाप किए गए एवं संघ की ओर से प्रभावना दी गई

एक नजर | हम सभी कार्यकर्ताओं को उनकी जीवटता और मार्गदर्शन से सीखने की जरूरत है– संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम

# पूर्व विधायक पाटीदार के निधन पर भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि दी

### खेमराज पाटीदार सहकारिता के बड़े जानकार थे –केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा

**धार। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष किसान नेता खेमराज पाटीदार का 20 जुलाई को बदनावर विधानसभा के ग्राम गजनोद में असमय निधन हो गया था।**

25 जुलाई शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में शाम 4 बजे भाजपा संयुक्त भाजपा जिला संगठन धार द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा,भाजपा संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम,भाजपा जिलाअध्यक्ष महंत निलेश भारती, ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार समेत पूर्व मंत्री,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष पूर्व सांसद पूर्व विधायक भाजपा नेताओं ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया।





खेमराज पाटीदार की श्रद्धांजलि सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा ने कहा कि हमारे वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता खेमराज आज हमारे बीच में नहीं रहे यह पार्टी के लिए निश्चित ही बड़ी क्षति है। सहकारिता के बड़े जानकार थे । हमेशा किसानों की चिंता करते थे और नए कार्यकर्ता कैसे पार्टी से जुड़े इसकी भी चिंता करते थे।

संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम ने कहा कि हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता और हम सभी के मार्गदर्शक खेमराज जी आज हमारे बीच नहीं रहे यह बड़ी ही दुखद घड़ी है। हम सभी कार्यकर्ताओं को उनकी जीवटता और मार्गदर्शन से सीखने की जरूरत है। भाजपा जिलाअध्यक्ष निलेश भारती ने कहा खेमराज जी किसान, गरीब, वंचितों के नेता थे हमने आदरणीय खेमराज जी से बहुत सीखा है । कैसे एक छोटे कार्यकर्ता को आगे बढ़ाना हे इसकी चिंता वो हमेशा करते थे। ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कहा खेमराज दादा की पार्टी और समाज में एक अलग पहचान थी। भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल ने कहा आज हमने पार्टी के एक बड़े नेता को खो दिया। खेमराज पार्टी के लिए हमेशा खड़े रहते थे ।पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पटोदिया ने कहा कि खेमराज जी का स्नेह सभी कार्यकर्ताओं पर समान रूप से था । मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को भी उनका स्नेह सदा मिलता रहा ।




राजवर्धन सिंह दत्तीगाव ने कहा खेमराज जी का योगदान भारती जनता पार्टी में रहा है। उनका सहयोग मुझे हमेशा मिलता रहा। उनकी जाने की क्षति निश्चित ही बड़ी है।

इस दौरान पूर्व मंत्री रंजना बघेल पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव और जगदीश मुवेल विधायक नीना वर्मा पूर्व सांसद छतर सिंह दरबार पूर्व जिला अध्यक्ष प्रभु राठौर विनोद शर्मा दिलीप पटोदिया मनोज सोमानी भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल वेल सिंह भूरिया महेंद्र सिंह चाचू बना मुकाम सिंह निगवाल अशोक जैन डॉ शरद विजयवर्गीय नरेश राजपुरोहित ने भी संबोधित किया। संचालन श्याम नायक ने किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।